POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 22.03.2026

थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-533/17 धारा-467/468/471/409 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेश सिहं पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी ग्राम मोतिहा थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज हाल पता ग्राम मेडुवाडीह थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-22.03.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत कस्बा फूलपुर स्थित ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी फर्म बनाकर लोगों को अपने धन पर अधिक ब्याज कमाने का दिलाशा देकर पैसा इनवेस्ट कराकर फर्जी बाण्ड पेपर दिया जाता था तथा कुछ समय के उपरान्त धोखाधड़ी करते हुए लोगों के पैसे वापस नहीं किया जाता था, जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-533/2017 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 नामजद अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राजेश सिहं पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी ग्राम मोतिहा थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज हाल पता ग्राम मेड़ुवाडीह थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 47 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-533/17 धारा-467/468/471/409 भा0द0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 सौरभ पाण्डेय, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. म0उ0नि0 प्रिया त्रिपाठी, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 अर्जुन सिंह, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

थाना लालापुर पुलिस टीम द्वारा अपहरण के अभियोग का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना लालापुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय से संबंधित मु0अ0सं0 13/2026 धारा 137(2)/87/ 65(1)/115(2)/351(3) बीएनएस व 5(ठ)/6 पॉक्सो एक्ट का नामजद वांछित अभियुक्त रमेश पुत्र रामबाबू नि0 ग्राम बरहुला थाना लालापुर जनपद प्रयागराज को दिनांक-21.03.2026 को ग्राम महेरा मोड के पास थाना क्षेत्र लालापुर से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 17.02.2026 को वादी के तहरीर बावत विपक्षी द्वारा वादिनी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 13/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

अपहृता/पीड़िता दिनांक-16.03.2026 को स्वयं ही अपने घर वापस आ गयी थी। विवेचना से मुकदमा उपरोक्त में धारा 65(1)/115(2)/351(3) बीएनएस व 5(ठ)/6 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। दिनांक 21.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम महेरा के पास थाना क्षेत्र लालापुर से अभियुक्त रमेश पुत्र रामबाबू उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रमेश पुत्र रामबाबू नि0 ग्राम बरहुला थाना लालापुर जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 24 वर्ष।

संबंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 13/2026 धारा 137(2)/87/ 65(1)/115(2)/351(3) बीएनएस व 5(ठ)/6 पॉक्सो एक्ट थाना लालापुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष अनुभव सिंह, थाना लालापुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 रामाश्रय यादव, थाना लालापुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 अमित यादव, थाना लालापुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. हे0का0 राधामोहन सिंह ,थाना लालापुर कमिश्नरेट प्रयागराज।